SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
Class Notes

CLASS: 3 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) व्याकरण पाठ-14,15 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, मुहावरे

पाठ- 14 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

परिभाषा - जो शब्द अनेक शब्दों की जगह पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं।

जैसे – १. जो मंदिर में पूजा करता है - पुजारी

२. जो सत्य बोलता है – सत्यवादी

३. प्रतिदिन होने वाला - दैनिक

४. कविता लिखने वाला - कवि

५. इलाज करने वाला – डॉक्टर

६. छोटा भाई – अनुज

७. जो मिठाई बनाता है – हलवाई

८. जो क्रिकेट खेलता है- क्रिकेटर

९. जो आलस करता हो – आलसी

१०. गाना गाने वाला – गायक

पाठ – 15 मुहावरे

परिभाषा – शब्दों का ऐसा समूह जो साधारण अर्थ न देकर कोई विशेष अर्थ दे, वे मुहावरे कहलाते हैं। जैसे –

मुहावरे	अर्थ	वाक्य प्रयोग
१. अँगूठा दिखाना -	किसी काम के लिए मना करना	कुछ लोग काम पड़ने पर अँगूठा दिखा देते हैं।
२. छक्के छुड़ाना -	हरा देना	क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए।
३. मुँह में पानी आना-	जी ललचाना	गोलगप्पे को देखकर मेरे मुँह में पानी आ गया।
४. कमर कसना -	तैयार होना।	परीक्षा पास आते ही राम ने पढ़ाई के लिए कमर कस ली।